कानपुर में जनवरी से चलने लगेगी मेट्रो रेल

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साढ़े चार साल में शहरों में बेहतरीन यातायात की सुविधाएं दी हैं। लखनऊ के साथ धार्मिक नगरी प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर में मेट्रो रेल के लिए कार्ययोजना तैयार कराई है, तो आगरा व कानपुर में मेट्रो रेल का संचालन शुरू कराने जा रहे हैं। आगरा में 30 नवंबर से और कानपुर में 31 जनवरी 2022 से मेट्रो रेल चलाने के लिए रेवेन्यू ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी है। लेकिन स्मार्ट सिटी के सुस्त कार्यक्रम अभी भी चुनौती बने हुए हैं।

आगरा में पहले चरण में ताज ईस्ट गेट से जामा मजिस्द तक लगभग छह किमी में मेट्रो रेल चलेगी। आगरा में दो कॉरिडोर में मेट्रो रेल परियोजना का काम चल रहा है। सिकंदरा से ताज ईस्ट गेट और आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक काम चल रहा है।

इन पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा

- स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को पूरा कराने पर ध्यान केंद्रित करना होगा
- केंद्र से मिले पैसों के आधार पर टेंडर निकाल कर काम शुरू कराना होगा
- शहरों में छोटे-मोटे कामों को छोड़कर अधिकतर बड़े काम फंसे हुए हैं
- केंद्र से रुके बजट को प्राप्त करने की दिशा में काम करना होगा